# Govt. Birla College, Bhawani Mandi, Jhalawar

**E-mail: - govtbirlacollege@gmail.com** **Contact No. - 07433-222125**

**5.1.2 - Capacity building and skills enhancement initiatives taken by the institution include the following: -**

**Life skills (Yoga, physical fitness, health and hygiene): -**

**Yoga: -**





**Fit India program: -**



## महाविद्यालय में फिट इंडिया कार्यक्रम का हुआ आयोजन

भवानीमंडी. राजकीय बिरला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय के संयोजन में फिट इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिल गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत संकाय सदस्यों व कर्मचारियों ने सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड-19 की गाइडलाइन अनुसार योग मुद्राओं व व्यायामों का अभ्यास किया। इसमें स्टाफ सहित महाविद्यालय कर्मचारी मौजूद रहे। दै. भास्कर

25-8-2020

**Health and hygiene**

**No Mask No Entry Jagran Pakhwada during Covid-19 Pandemic: -**



**Covid-19 awareness campaign and life discipline fortnight: -**

दैनिक **बढ़ता राजस्थान**

## एक नजर




# जनता में जागरूकता जगाने से संबंधित स्लोगन लिखे एवं पोस्टर बनाये

अब्दुल सलीम मंसूरी

**भवानीमंडी(बढ़ता राजस्थान)।** मंगलवार को राजकीय बिड़ला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के तत्वावधान में दिनांक 27 अप्रैल 2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वीं जयंती एवं स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं जागरूकता हेतु राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 जागरूकता अभियान एवं 'जन अनुशासन पखवाड़े' के तहत ' शब्दों का युद्ध ,कोरोना के विरुद्ध 'विषय पर ऑनलाइन मोड पर स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने बढ़-चढ़कर के भाग लिया तथा कोरोना के लिए जनता में जागरूकता जगाने से संबंधित स्लोगन लिखे एवं पोस्टर बनाये जिनमें मास्क लगाना, सैनिटाइजर का उपयोग, हाथ के द्वारा आंख नाक व मुंह को कम छूना ,स्टे होम ,यात्रा कम करने ,दो गज की दूरी बनाए रखने, हैंड वॉश से अच्छी तरह हाथ धोने ,व राज्य सरकार की गाइडलाइन का पालन का संदेश दिया ।इस प्रतियोगिता में बीएससी सैकंड ईयर के छात्र अल्फेजउल्ला ने प्रथम स्थान, बीएससी फर्स्ट ईयर की छात्रा खुशनुमा बी ने द्वितीय तथा बीएससी सेकंड ईयर की छात्रा हर्षा नायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने अपने स्लोगन व पोस्टर के माध्यम से जन जागृति का संदेश दिया। प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ऐ के जैन के मार्गदर्शन से संपन्न हुई जिसमें निर्णायक की भूमिका महाविद्यालय के कॉमर्स के सह आचार्य धारासिंह मीना ने निभाई ।एनएसएस इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार मीना ने स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं को इसी तरह है जनजागृति हेतु प्रेरित किया।

# बिरला कॉलेज में कोरोना को लेकर ऑनलाइन प्रतियोगिता



**भास्कर न्यूज़** | भवानीमंडी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वीं जयंती एवं स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत राजकीय बिरला कॉलेज में रासेयो इकाई के तत्वावधान में कार्यक्रम किया गया। जिसमें कोविड 19 के संक्रमण से बचाव एवं जागरूकता के लिए जन अनुशासन पखवाड़े" के तहत शब्दों का युद्ध, कोरोना के विरुद्ध विषय पर ऑनलाइन मोड पर स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में जागरूकता जगाने से संबंधित स्लोगन लिखकर पोस्टर बनाए गए। जिनमें मास्क लगाना, सेनेटाइजर का उपयोग, स्टे होम, यात्रा कम करने, दो गज की दूरी बनाए रखने आदि गाइडलाइन की पालना का संदेश दिया। प्रतियोगिता में छात्र अल्फेज तुल्ला ने प्रथम स्थान, छात्रा खुशनुमा बी द्वितीय तथा छात्रा हर्षा नायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

श्रद्धावान्लभतेज्ञानम्

# Govt. Birla College, Bhawani Mandi, Jhalawar

**E-mail: - govtbirlacollege@gmail.com** **Contact No. - 07433-222125**


**5.1.2 - Capacity building and skills enhancement initiatives taken by the institution include the following: -**

**Life skills (Yoga, physical fitness, health and hygiene): -**

**Yoga: -**








**Health and hygiene: -**






# ओमिक्रॉन से बचाव के लिए सुरक्षा उपाय बताए

भवानीमंडी। रासेयो के विशेष शिविर के दौरान दूसरे दिन देवव्रत मुखर्जी के आतिथ्य में कार्यक्रम शुरु हुआ। अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य अनिल कुमार गुप्ता ने की। संचालन एनएसएस प्रभारी मधु कांता मीणा ने किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को कोविड-19 के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन से बचने के बारे में बताया तथा टीकाकरण करवाने पर जोर दिया। कार्यवाहक प्राचार्य गुप्ता ने नियमित व्यायाम व ध्यान कर अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



# बिड़ला कॉलेज में रासेयो का एक दिवसीय शिविर हुआ



भवानीमंडी। राजकीय बिड़ला महाविद्यालय में संचालित रासेयो प्रथम के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ आनंद कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में छात्रों को श्रमदान के महत्व को समझाया। छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई कर श्रमदान किया। संचालन नेमीचंद मीणा ने किया। डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, राजेंद्र कुमार, मधु कुमारी, डॉ. अशोक कुमार पाटीदार, मधु कांता मीणा, सुरेश चंद्र उपाध्याय, भूपेंद्र कुमार शर्मा, गिरिराज कुमार शर्मा, राकेश कुमार, अखिलेश कुमार, नितिन उपाध्याय, हेमंत कुमार, नितिन शर्मा, हिमानी शर्मा उपस्थित रहे।